जयपुर ■ सीकर ■ अजमेर से एक साथ प्रकाशित

# मॉर्निंग न्यूज़

दैनिक अपना अखबार

वर्ष 19 अंक : 310 ₹ 4.00 पृष्ठ-8

www.morningnewsindia.com

जयपुर
बुधवार 20 मार्च, 2024

'स्वयं की उन्नति में अधिक समय देंगे तो दूसरों की निन्दा करने का समय ही नहीं मिलेगा।'



पेज 7 | स्पोर्ट्स

गोविन्ददेवजी में बरसाना की लट्ठमार होली... | 3





# खाटूश्यामजी के लक्खी मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## जयकारों से गूंजी खाटू नगरी, अब तक 20 लाख से अधिक भक्तों ने किए दर्शन बाबा श्याम के चहेतों ने बनवाया 200 किलो का चांदी का रथ

**मॉर्निंग न्यूज @ रींगस/सीकर।** सीकर की खाटूनगरी में आयोजित खाटूश्यामजी का लक्खी मेला परवान पर है। इस मेले में शामिल होने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी पड़ी हैं। अब तक 20 लाख से अधिक भक्तों ने बाबा के दर्शन किए। लक्खी मेले में बाबा श्याम की तस्वीर को विशेष चांदी के रथ में विराजमान किया गया। मेले में पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं के लिए ट्रेनों को रींगस तक चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऐसा पहला मौका होगा, जब बाबा खाटूश्याम अपने भक्तों को शाही ठाठ-बाट के साथ दर्शन देंगे। लकड़ी के रथ पर खास चांदी का काम करवाया गया है, जिसका वजन करीब 200 किलो बताया गया। यह 11 दिवसीय मेला है, जिसमें देश दुनिया के अलग-अलग कोनों से खाटू श्याम जी के भक्त दर्शनों के लिए खाटू नगरी पहुंचेंगे। बताया जा रहा है कि इस बार भक्तों की गणना एआई तकनीक से की जाएगी।

बाबा श्याम के दर्शनों के लिए भक्तों की राहें भी राहत भरी की गई हैं। श्रद्धालु बाबा श्याम के आराम से दर्शन कर सकें। इसके लिए मेला कमेटी की तरफ से रूट चार्ट में एक नया सेक्टर जोड़ दिया गया है। खाटू बाबा के मंदिर के नवनिर्माण के साथ ही इस नई व्यवस्था के चलते लाखों की भीड़ जुटने पर भी ज्यादा से ज्यादा भक्त घंटे भर में बाबा श्याम के दर्शन कर सकेंगे। वहीं अगर भीड़ कम होती है तो इससे भी » शेष पृष्ठ 6 पर

### साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था

**मेले में पानी और साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की गई है। शौचालयों के लिए भी खास ध्यान रखा गया है। इसके साथ ही किसी भी सेक्टर में कोई भी अधिकारी या कर्मचारी गैर हाजिर होता है तो उसे तुरंत सूचित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। भव्य खाटू श्याम मेले में 46 डॉक्टर के साथ-साथ 170 चिकित्सा कर्मी सेवाएं देने के लिए मौजूद रहेंगे। चिकित्सा विभाग की तरफ से जगह-जगह पर शिविर आयोजित किए गए हैं, जहां पर चिकित्सा कर्मी 24 घंटे सेवाएं देंगे। मेले में किसी भी तरह की अनहोनी से निपटने के लिए चार 108 एंबुलेंस, दो एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस भी तैनात की गई हैं।**

# राजस्थान में पहले चरण की 12 सीटों के लिए अधिसूचना आज, नामांकन प्रक्रिया होगी शुरू

**लोकसभा आम चुनाव-2024 :** सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक किया जा सकेंगे नामांकन-पत्र दाखिल, प्रत्याशी सहित 5 ही व्यक्तियों को ही आरओ कक्ष में दिया जाएगा प्रवेश

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए राजस्थान में प्रथम चरण के लिए 20 मार्च को भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय (विधायी विभाग) एवं भारत निर्वाचन आयोग के चुनाव कार्यक्रम की अधिसूचना जारी होने के साथ ही समस्त रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा लोक सूचना जारी की जाएगी।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रथम चरण में 12 लोकसभा सीटों गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझूनूं, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर में 19 अप्रेल को मतदान होगा। अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन करने का काम शुरू होगा। 27 मार्च तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। 28 मार्च को नामांकन-पत्रों की जांच होगी तथा 30 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

राजस्थान में पहले चरण के लिए वोटिंग 19 अप्रैल को करवाई जाएगी। मतगणना 4 जून को होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के अंतर्गत राजस्थान लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए नामांकन दाखिल करते समय सामान्य अभ्यर्थी को 25 हजार रुपये और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी को 12 हजार 500 रुपये जमानत राशि जमा करना होगा। जयपुर जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि जयपुर शहर एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा » शेष पृष्ठ 6 पर

### जयपुर शहर के लिए 103 और ग्रामीण के लिए कमरा नंबर 6 में भरे जाएंगे नामांकन

जयपुर शहर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन प्रथम तल पर कमरा नंबर 103 में नामांकन पत्र प्रस्तुत किए जा सकेंगे। इसके लिए प्रवेश लिए मुख्य गेट नंबर 2 एवं मुख्य पोर्च की सीढ़ियों से निर्धारित किया गया है। वहीं, जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के लिए नामंकन भूतल पर कमरा नंबर 6 में प्रस्तुत किए जा सकेंगे। जिसके लिए प्रवेश हेतु मैन गेट नबंर 1 एवं चैनल गेट नंबर 1 निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि नामांकन प्रस्तुतीकरण, समीक्षा एवं नाम वापसी के दौरान संबंधित रिटर्निंग अधिकारी, कानून व्यवस्था प्रकोष्ठ तथा पुलिस विभाग द्वारा समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की » शेष पृष्ठ 6 पर

## एक नजर

### एनसीपी-शरदचंद्र पवार नाम से चुनाव लड़ेगा शरद गुट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को शरद गुट को लोकसभा चुनाव 2024 में एनसीपी शरदचंद्र पवार नाम से ही लोकसभा चुनाव लड़ने की परमिशन दे दी। साथ ही उसके चुनाव चिन्ह तुरही बजाता आदमी को भी मान्यता दे दी है।



सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को भी निर्देश दिया कि वह लोकसभा-विधानसभा चुनावों के लिए दूसरों को ये चुनाव चिह्न न दे। कोर्ट ने अजित पवार गुट को यह नोटिस सार्वजनिक रूप से जारी करने को कहा कि एनसीपी का घड़ी चुनाव चिन्ह कोर्ट में विचाराधीन है। इसलिए चुनावी विज्ञापनों के इस्तेमाल में भी ये बताना होगा कि चुनाव चिन्ह का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। सुप्रीम कोर्ट शरद गुट की याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें कहा गया था कि अजित गुट अपने फायदे के लिए शरद पवार का नाम और फोटो इस्तेमाल कर रहा है।

#### पतंजलि विज्ञापन केस में सुप्रीम कोर्ट बोला

### रामदेव हाजिर हों, जवाब नहीं दिया तो पूछा-अवमानना का केस क्यों ना चलाया जाए?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद के गुमराह करने वाले दवा विज्ञापन मामले में स्वामी रामदेव (पतंजलि के को-फाउंडर) और पतंजलि के एमडी आचार्य बालकृष्ण को कोर्ट में पेश होने को कहा है। कंपनी और आचार्य बालकृष्ण ने नोटिस का जवाब दाखिल नहीं किया, जिसकी वजह से यह आदेश जारी किया गया है। अब उन्हें अगली तारीख पर कोर्ट में पेश होना होगा। कोर्ट ने नोटिस जारी कर ये भी पूछा है कि उनके खिलाफ क्यों न अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाए। जस्टिस हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की। इससे पहले 27 फरवरी को इस मामले की सुनवाई हुई थी।

### ईडी के सभी समन को केजरीवाल ने दी हाईकोर्ट में चुनौती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईडी के सभी समन को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। हाईकोर्ट उनकी याचिका पर बुधवार 20 मार्च को सुनवाई करेगी। ईडी अब तक दिल्ली शराब नीति केस में केजरीवाल को 9 समन भेज चुकी है। वहीं दिल्ली जल बोर्ड के टेंडर केस में भी एक समन भेजा था। केजरीवाल एक भी बार जांच » शेष पृष्ठ 6 पर

# बड़ी मछलियों पर शिकंजा कसने की तैयारी में एसओजी

**सब-इंस्पेक्टर भर्ती प्रकरण :** ट्रेनी एसआई फिर रिमांड पर, चार टीमें कर रही हैं पूछताछ

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा ली गई एसआई भर्ती परीक्षा-2021 की धांधली में पकड़े गए लोगो से एसओजी को अहम सुराग लगा है। माना जा रहा है कि आने वाले कुछ दिनों में एसओजी पेपर लीक के धंधे में लिप्त सरकारी व गैर सरकारी बड़ी मछलियों को शिकंजे में ले सकती है। इस भर्ती परीक्षा समेत अन्य भर्ती परीक्षाओं में पूरे चैनल के साथ गड़बड़ी करने वाले इस गिरोह के खिलाफ मिले सुराग एसओजी ने बीते दिनों से सीएम भजनलाल शर्मा से मिलकर साझा किया था। अब माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव से पहले ही एसओजी भर्ती परीक्षाओं में शामिल बड़े



रैकेट का खुलासा करने वाली है।

दूसरी तरफ पुलिस पूछताछ में चल रहे 14 ट्रेनी एसआई को एसओजी ने रिमांड पूरा होने पर मंगलवार को फिर से कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड लिया है। इसके अलावा सरगना जगदीश व अ यर्थी इंदु बाला को चार दिन एवं पेपर बेचने व डमी छात्र बिठाने वाले हर्षवर्धन, राजेन्द्र यादव व शिवरतन मोठ को दो दिन के पीसी रिमांड पर लिया है। इसके अलावा बाकी को एक दिन के पीसी रिमांड पर लिया गया है। इन लोगो से एसओजी की चार टीमें अलग-अलग पूछताछ कर रही है।

प्रदेश में पेपर लीक केस में पकड़े गए 14 ट्रेनी थानेदारों की मुसिबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पेपर लीक केस की जांच कर रही एसओजी की गिर त में आए इन नकलची थानेदारों को » शेष पृष्ठ 6 पर

# मुख्यमंत्री भजनलाल से बंद कमरे में मिले कांग्रेस नेता मानवेंद्र सिंह

शिव के निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने भी की मुलाकात, जोधपुर में 15 नेताओं ने की भारतीय जनता पार्टी जॉइन

**मॉर्निंग न्यूज @ जोधपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से पूर्व सांसद और कांग्रेस नेता मानवेंद्र सिंह जसोल ने बंद कमरे में मुलाकात की। इस मुलाकात से संकेत मिल रहे हैं कि मानवेंद्र भाजपा जॉइन कर सकते हैं। वहीं लोकसभा चुनाव से पहले जोधपुर में सीएम की मौजूदगी में कांग्रेस के 15 नेताओं ने भाजपा जॉइन की। सीएम जोधपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेने पहुंचे थे। करीब 1 घंटे तक चली बैठक में उन्होंने लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर चर्चा की। इस दौरान मानवेंद्र सिंह जसोल ने सीएम से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि 10 मिनट तक दोनों के बीच



चर्चा चली। वहीं शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने भी सीएम से मुलाकात की। भाटी सीएम के साथ एक ही चार्टर प्लेन में उदयपुर गए। इससे पूर्व जोधपुर पहुंचने पर शिव विधायक भाटी बोले- आगे जो भी निर्णय होगा, वह जनता से पूछ कर करेंगे। सोमवार को जयपुर में सीएम से मुलाकात पर वे बोले-बैठक सकारात्मक हुई और आगे नतीजे भी पॉजिटिव आएंगे। मैं जिन लोगों की वजह से यहां तक पहुंचा हूं, उनसे बातचीत करूंगा और इसके बाद जल्द आपके सामने आऊंगा।

**बीजेपी में सभी दरवाजे तोड़कर घुस रहे हैं :** कांग्रेसी नेताओं के भाजपा में एंट्री पर हेल्थ मिनिस्टर गजेंद्र सिंह खींवसर बोले-बीजेपी में तो सभी दरवाजे तोड़-तोड़ » शेष पृष्ठ 6 पर

### उदयपुर में भाजपा की बैठक से पहले नाराज हुए विधायक कृपलानी और मीणा

**उदयपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को उदयपुर में भाजपा की कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। उदयपुर संभाग की उदयपुर, बांसवाड़ा और चित्तौड़गढ़ लोकसभा सीट को लेकर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी भी पहुंचे। सीएम का बांसवाड़ा सांसद कनकमल कटारा, निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी और पिंकेश पोरवाल ने स्वागत किया। दोनों नेताओं ने भाजपा कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर लोकसभा चुनाव में भाग लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसलिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता मिलकर देश में फिर मोदी सरकार बनाने के लिए जी-जान से मेहनत करें। बैठक में शामिल होने राज्य के पूर्व यूडीएच मंत्री और निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी और सलूंबर के » शेष पृष्ठ 6 पर

**गुंजल को कोटा से टिकट का ऑफर** | **बाड़मेर से उम्मेदाराम बेनीवाल का नाम पैनल में शामिल**

# सीईसी बैठक में प्रदेश की 15 सीटों के टिकटों पर मंथन

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

कांग्रेस के राजस्थान में लोकसभा उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट को लेकर काउंटडाउन शुरू हो गया है। 15 सीटों पर उम्मीदवार तय करने के लिए नए सिरे से पैनल तैयार कर मंगलवार को केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक में रखा गया।

कोटा सीट पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के सामने बीजेपी नेता प्रहलाद गुंजल को टिकट का ऑफर दिया गया है। वहीं बाड़मेर सीट से आरएलपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए उम्मेदाराम बेनीवाल का नाम पैनल में शामिल कर सीईसी में चर्चा की गई। नागौर, सीकर, बांसवाड़ा-डूंगरपुर सीटों पर पैनल तो तैयार है, लेकिन गठबंधन को लेकर फैसला नहीं होने के कारण पेंच फंसा हुआ है। मंगलवार को सीईसी में इन तीनों सीटों पर भी चर्चा की गई। कांग्रेस की पहली लिस्ट में



3 विधायकों को टिकट दिए गए थे। दूसरी लिस्ट में भी विधायकों को टिकट देने की संभावना है। विधायक विद्याधर सिंह चौधरी और मनीष यादव का जयपुर ग्रामीण से, विधायक विकास चौधरी का अजमेर से, मुरारीलाल मीणा का दौसा से, अनिता जाटव का करौली-धौलपुर से और सुदर्शन सिंह रावत का नाम राजसमंद सीट से पैनल में है। गुजरात के कांग्रेस नेता जिग्नेश मेवाणी का नाम जयपुर से पैनल में है।

### प्रहलाद गुंजल आज हो सकते हैं कांग्रेस में शामिल

कोटा से विधायक रहे और भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रहलाद गुंजल जल्द ही कांग्रेस जॉइन कर सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक बुधवार को वे इसकी घोषणा कर सकते हैं। माना जा रहा है कि गुंजल कांग्रेस की टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। गुंजल कांग्रेस के बड़े नेताओं से संपर्क में हैं। उनके साथ कोटा से ही दो अन्य भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं के कांग्रेस जॉइन कर सकते हैं। राजस्थान में पहले फेज में 12 और दूसरे फेज में 13 सीटों पर लोकसभा चुनाव होने हैं। कांग्रेस पहले फेज की 6 और दूसरे फेज की » शेष पृष्ठ 6 पर



### कोटा में नीट छात्रा का अपहरण, फिरौती में पिता से मांगे 30 लाख रुपए

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** कोचिंग सिटी कोटा में आत्महत्याओं के बाद अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। शिवपुरी एमपी से यहां नीट की तैयारी कर रही एक छात्रा के अपहरण की घटना के बाद कोटा में सनसनी फैली है। अपहरणकर्ताओं ने छात्रा को अगवा करने के बाद उसकी बंधक हालत में फोटो भेज कर पिता से फिरौती में तीस लाख रुपए की मांग की है। घटना के बाद पीड़ित पिता कोटा पुलिस के पास पहुंचा है। इस बीच केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सीएम भजनलाल शर्मा को फोन कर शिवपुरी की छात्रा को तलाशने के संबंध में बात की है।

एसपी कोटा अमृता दुहन का कहना है कि शिवपुरी निवासी रघुवीर सिंह धाकड़ ने शिकायत दी है। पुलिस अपहरण की घटना को खोलने के करीब है। बताया जा रहा है कि रघुवीर ने बेटी काव्या को सितंबर 2023 को ही कोटा के एक हॉस्टल में रख कर पीडब्ल्यू » शेष पृष्ठ 6 पर

अजमेर ■ अलवर ■ टोंक ■ दौसा ■ झुंझुनूं ■ सवाईमाधोपुर ■ कोटा ■ भीलवाड़ा ■ चित्तौड़गढ़ ■ सिरोही ■ जोधपुर ■ नागौर ■ बीकानेर ■ चूरू ■ धौलपुर ■ भरतपुर में एक साथ प्रसारित।